दिन– गुरूवार

दिनांक– 02/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए नागरिक केंद्रित प्रशासन पर दिया बल।

02 संसद का बजट सत्र संपन्न। महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के लिए संसद की जल्द बुलाई जाएगी बैठक।

03. केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया – बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं।

04. और, गिरते भू–जलस्तर और लू की आशंका को लेकर राज्य सरकार की तैयारी शुरू।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता पर बल दिया है, जो न केवल कुशल हो बल्कि नागरिक–केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए एक वीडियो संदेश में यह बात कही। श्री मोदी ने कहा कि इस सप्ताह का उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाना है।

–––साउंड बाइट–––

आज गवर्नेंस के जिस सिद्धांत को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। उसका मूल मंत्र है, नागरिक देवो भवरू। इस मंत्र में समाहित भावना के साथ आज पब्लिक सर्विस को ज्यादा कैपेबल नागरिकों के लिए ज्यादा सेंसिटिव बनाने पर फोकस किया जा रहा है। अब शासन को सिटिजन सेंट्रिक बनाकर एक नई पहचान दी जा रही है।

---

इधर, बिहार में भी आज से कर्मयोगी साधना सप्ताह की शुरूआत हुई है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेन्दर ने सभी राज्यकर्मियों से इस सप्ताह कम से कम चार घंटे कर्मयोगी पोर्टल पर नई तकनीकों को सीखने की अपील की है।

–––साउंड बाइट–––

क्षमता निर्माण आयोग अपने स्थापना दिवस और मिशन कर्मयोगी के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज से आठ अप्रैल तक कर्मयोगी साधना सप्ताह मना रहा है।

---

संसद का बजट सत्र आज संपन्न हो गया। यह सत्र दो चरणों में आयोजित किया गया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में बताया कि महिला आरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के लिए संसद की कार्यवाही दो से तीन सप्ताह बाद फिर शुरू होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस विषय पर अस्सी प्रतिशत से अधिक दलों से परामर्श किया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने इस संबंध में सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है जिससे सभी दल अपने विचार रख सकें और प्रस्ताव को आगे बढ़ा सकें।

---

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता प्रीपेड स्मार्ट मीटर का विकल्प चुनते हैं, तो इससे न केवल उपभोक्ताओं को बल्कि राज्यों और बिजली कंपनियों को भी लाभ होगा।

———साउंड बाइट———

स्मार्ट मीटर के कारण से जो वहां गडबडें होती थी, उसे रोकने के कारण से पहली बार किया है जिसमें 26 सौ करोड़ रुपए का लाभ हुआ सभी 49 स्वीकृतियों को मिला करके। हम तो गाइड लाइन देते हैं, राज्य सरकारों का काम है। राज्य की सरकारें इसको लगाएं, ये हमारा आग्रह भी रहता है और उस आग्रह के कारण से इन कंपनियों का हमकों भी चिंता है ताकि सारे देश में बिजली ठीक से बने और ज्यादा से ज्यादा प्लांट्स जनरेशन को और उनका पेमेंट कर सके घाटा खत्म हो।

---

दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर ने आज लोकसभा में शून्यकाल के दौरान पशुपतिनाथ धाम–बैद्यनाथ धाम हाई स्पीड कॉरिडोर का निर्माण भेजा–गंडौल–कुशेश्वरस्थान और खगड़िया होते हुए कराये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे यह कॉरिडोर क्षेत्रीय आर्थिक विकास की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

———साउंड बाइट———

---

केंद्र सरकार ने पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर तीस जून तक सीमा शुल्क में पूरी तरह छूट देने का निर्णय किया है। आज नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य संजय मंगल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस छूट से पेट्रोकेमिकल, प्लास्टिक, वस्त्र और फार्मास्यूटिकल्स जैसे उत्पादों पर निर्भर कई क्षेत्रों को लाभ होगा। संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर

बनी हुई है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की उपलब्धता सामान्य है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

---साउंड बाइट---

---

उप मुख्यमंत्री सह-राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जिस सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा है, उसकी जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आज छपरा में श्री सिन्हा भूमि सुधार जनकल्याण संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

---साउंड बाइट---

---

वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस-छब्बीस में वाणिज्य कर विभाग द्वारा तैंतालीस हजार तीन सौ चौबीस करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया। इसमें जीएसटी और वैट सहित अन्य कर शामिल हैं। विभागीय मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने आज पटना में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। संवाददाताओं से बातचीत में वाणिज्य कर विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा जीएसटी मद में बत्तीस हजार आठ सौ एक करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में ग्यारह प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि जीएसटी संग्रह में बिहार ने राष्ट्रीय औसत की तुलना में तीन प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है।

---साउंड बाइट---

---

राज्य सरकार ने गिरते भू-जल स्तर और लू की आशंका को लेकर संबंधित विभागों को तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव मोहम्मद नदीमुल गफ्फार सिद्दिकी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस संबंध में प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। संयुक्त सचिव ने जल संरक्षण के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने और जागरूकता अभियान चलाने को कहा। साथ ही उन्होंने लू से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के बिहार को "पिछड़ा राज्य" बताए जाने वाले बयान की तीखी आलोचना

की है। उन्होंने कहा कि दो हजार पांच से पहले बिहार पिछड़ा था, लेकिन उसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

---साउंड बाइट---

इधर, लोजपा, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी तेजस्वी प्रसाद यादव की आलोचना करते हुए कहा कि वे चुनावी लाभ के लिए अपने गृह राज्य को बदनाम कर रहे हैं।

---साउंड बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जेड प्लस सुरक्षा दिये जाने के कारणों पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कड़ी आपत्ति जताई है। श्री यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि गृह विभाग ने इस संबंध में जो आदेश जारी किया है, उसकी भाषा आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अभी पद पर बने हुए हैं। लेकिन इस पत्र में उनके इस्तीफे की बात कह कर जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने की बात कही गयी है।

---

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पछुआ हवा का प्रभाव बना रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होगी। वहीं, न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस के अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा है।

---

मोतिहारी के शौर्य स्तंभ पार्क में पंद्रह अप्रैल से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने स्थल निरीक्षण कर तैयारियों की भी समीक्षा की। श्री सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी अठारह अप्रैल तक चलेगी।

---

देश के विभिन्न हिस्सों में आज हनुमान जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटना जंक्शन स्थित हनुमान मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मुंगेर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के पेशकार मुकेश कुमार को एक लाख सत्तर हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी जमीन से जुड़े एक मामले में शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

---

अररिया में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत तेरह गांवों का चयन किया गया है। जिलाधिकारी विनोद दुहन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन गांवों में सोलर योजनाओं के प्रचार–प्रसार में तेजी लायी जाय। साथ ही कुटीर ज्योति योजना के तहत अधिक से अधिक परिवारों को इसमें शामिल करवाया जाए।

---

राष्ट्रीय ऑटिज्म दिवस पर सहरसा जिले के कोसी दिशा केंद्र, पटुआहा के प्रांगण में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक डॉक्टर बिंदेश्वरी पाठक की जयंती पर आज पटना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए नागरिक केंद्रित प्रशासन पर दिया बल।

02 संसद का बजट सत्र संपन्न। महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के लिए संसद की जल्द बुलाई जाएगी बैठक।

03. केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया – बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं।

04. और, गिरते भू–जलस्तर और लू की आशंका को लेकर राज्य सरकार की तैयारी शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।